# <u>इरेडा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन</u>

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर, 2021

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), जो नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएन आरई) के अधीन एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान है, ने आज 'स्वतंत्र भारत का 75वां वर्ष: सत्यनिष्ठा के साथ आत्मनिर्भरता' विषय पर 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' की शुरुआत की। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास और इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह ने कंपनी के सभी कर्मचारियों को 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' की शुरुआत के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान (26 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2021 तक ) के दौरान, विभिन्न गतिविधियां जैसे कि ग्राहकों और विक्रेताओं के साथ उनकी शिकायतों के निवारण के लिए बातचीत, सेमिनार, कार्यशालाएं, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी का संचालन और छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, और सतर्कता से संबंधित अन्य गतिविधियां, 'जागरूकता सप्ताह 2021' के दौरान विषय के अनुरूप संचालित की जाएंगी।

इस अवसर पर, इरेडा के सीएमडी ने अपने संबोधन में कहा कि , "सतर्कता का सार नीतियों, परिचालन प्रक्रियाओं और पद्धतियों में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना है। इरेडा एक सतर्क संगठन के रूप में निष्पक्षता और पारदर्शिता पर समझौता किए बिना अपने सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

श्री दास ने आगे जोर दिया कि, "भ्रष्टाचार विरोधी प्रयास सभी हितधारकों, विशेष रूप से बड़े पैमाने पर जनता की सक्रिय भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकते। इसलिए, जनता को इस लड़ाई में उनकी भागीदारी की आवश्यकता के बारे में पता होना चाहिए। इस तरह के आयोजनों से भ्रष्टाचार के कैंसर के बारे में नागरिकों के बीच अधिक जागरूकता पैदा करने में सहयोग मिलती है और इससे लड़ने के लिए अधिक से अधिक कोशिश करने की आवश्यकता होती है।"